ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 25.02.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 25.02.202 को नगर के मो0– कच्चा कटरा एवं सिजंई में सफाई व्यवस्था का किया गया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में गंन्दगी पाये जाने पर नगर स्वास्थ अधिकारी का मॉगा गया स्पष्टीकरण, सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने, अनुपस्थित सफाई कर्मचारियो का वेतन काटे जाने के दिये निर्देश।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत नगर के मो0–कच्चा कटरा में बने आवासों का नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 25.02.2021 को किया गया निरीक्षण।
- नगर निगम द्वारा तैयार किया गया एम0आर0एफ0 सेन्टर।

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा सर्वप्रथम मो0 कच्चा कटरा तिराहे पर साफ–सफाई एवं गलियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो ठेका कर्मचारी उपस्थित पाये गये, इसके साथ ही कोई भी नियमित सफाई कर्मचारी कार्य करता नही पाया गया, स्थल पर तैनात श्रीमती सुशीला उपस्थित नही पाई गई। जब कि उपस्थिति पंजिका चेक करने पर पाया गया कि आज दिनांक दिनांक 25.02.2021 को उपस्थिति दर्ज थी। नगर आयुक्त महोदय द्वारा उपस्थित ठेका कर्मचारी श्री विपिन एवं श्री रोहित को प्रशस्ति–पत्र प्रदान करने के निर्देश किये गये। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी को 03 दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये, साथ ही क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक श्री राजमगंल गगंवार को एडवर्स इन्ट्री दिये जाने , सफाई नायक श्री नन्हे लाल पर रु0 2000.00 का जुर्माना करने ,अनुपस्थित सफाई कर्मचारियों का 01 दिन का वेतन काटे जाने के साथ रु0 200.00 का जुर्माना किये जाने हेतु सबंधित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर मो0 कच्चा कटरा सांई मन्दिर के पास में सफाई के बारे में मोहल्लेवासियों से जानकारी प्राप्त की गई तथा सांई मन्दिर के पास स्ट्रीट लाईट जलती हुई पाई गई, इस सबंन्ध मे प्रभारी अधिकारी (पथ प्रकाश) को दोषियों के विरुद्व कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। मन्दिर के आस–पास उचित सफाई व्यवस्था भी नही पाई गई। जगह–जगह कूड़े के ढ़ेर लगे पाये गये। कच्चा कटरा निवासी श्री राजीव कुमार, श्री राम भरोसे द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में जलापूर्ति सुचारु नही है, उन्होने यह भ बताया कि पानी काफी दूर से भर कर लाना पड रहा है। इस संबन्ध में महाप्रबन्धक (जल) का जलापूर्ति सुचारु करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा मोहल्ला सिजंई में पैदल भ्रमण कर क्षेत्र में नियमित रुप से होने वाली साफ–सफाई का निरीक्षण किया गया तथा क्षेत्र में रहने वाले लागों से साफ–सफाई के बारे में वार्ता की गई। भ्रमण के द्वौरान मो0 सिजंई में बकरियों वाली पुलिया के पास डेरी मालिको द्वारा नाले पर अतिक्रमण कर नालें में गोबर बहाते पाये गये जिसको देख नगर आयुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई डेरी मालिकों द्वारा अतिक्रमण किये जाने एवं नाले में गोबर बहाये जाने पर सभी डेरी मालिकों का चालान किये जाने हेतु क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक श्री राजमगंल गगंवार को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही मो0 सिजंई में डॉ0 रमाकान्त वाली गली में श्री विपिन सक्सेना द्वारा इंटरलॉक तोडकर क्रास नाली बनाया जा रही थी। इस सम्बंध में श्री विपिन सक्सेना का चालान करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में स्थित डेरियों द्वारा गोबर आदि से गंदगी करने के कारण श्री राजमंगल,एस0एफ0आई0 को तत्काल चालान करने के निर्देश दिये गये। मदरसा इलाइया कब्रिस्तान के पास स्थापित हाई मास्ट जलती हुई पायी गयी। इस सम्बंध में प्रभारी अधिकारी (पथ प्रकाश) को दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम,क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक श्री राजमगंल गगंवार एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा मोहल्ला कच्चा कटरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के 05 लाभार्थियों से सम्पर्क किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश लाभार्थियों, जिनको योजना के अन्तर्गत सम्पूर्ण धनराशि प्राप्त हो गयी है, के द्वारा आवास निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। जिन लाभार्थियों को एक किस्त प्राप्त हुई है उनके आवास निर्माणाधीन पाये गये। परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरन्तर निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम,क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमगंल गगंवार एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

2. नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 25.02.202 को एम0आर0एफ0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के कर्मचारियो द्वारा नगर आयुक्त महोदय के समक्ष डेमो के माध्यम से, गीले कूड़े से खाद् निर्मित करने एवं सूखे कूड़े मे से कूड़े को अलग–अलग करके दिखाया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि एम0आर0एफ सेन्टर के प्रारम्भ हो जाने से नगर निगम क्षेत्र मे उत्सर्जित कूड़े को एकत्रित करने की समस्या का समाधान हो जायेगा। नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश दीक्षित एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर